अमर उजाला 05/12/2024

जीएमएन कॉलेज में चलाया डिजिटल अभियान

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में लिंग आधारित हिंसा खत्म करने व मुकाबला करने व उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक डिजिटल अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने वीडियो क्लिप के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए और लोगों के साथ सांझा किए। इस गतिविधि का नेतृत्व डॉ. भारती सुजान ने किया। जिन्होंने छात्रों को अपने दृष्टिकोण सांझा करने के लिए भी प्रेरित किया। इस अभियान ने आज के युवाओं की मानसिकता को दिखाया कि वह इस समाज के बारे में क्या सोचते हैं। वह आधुनिक महिलाओं के अधिकारों और अधिकारों को अच्छी तरह से समझते हैं। न केवल लड़कियों बल्कि लड़कों ने भी पूरे जोश और विश्वास के साथ भाग लिया। डॉ. रोहित दत्त ने भी छात्रों की सराहना की और कहा कि वह भविष्य के समाज को एक निष्पक्ष समाज के रूप में देखते हैं। संवाद